प्रका :कॉर्पोरेट सम्प्रेषण विभाग
CO: CORPORATE COMMUNICATIONS DEPARTMENT

प्रेसविज्ञप्ति/ PRESS RELEASE 26.12.2022

इंडियन बैंक द्वारा राजस्थान में 'एमएसएमई प्रेरणा' का शुभारंभ

चेन्नै, दिसंबर 26, 2022 :देश में सार्वजनिक क्षेत्र के अग्रणी बैंकों में से एक, इंडियन बैंक ने राजस्थान में अपने एमएसएमई उद्यमियों हेतु फ़्लैगशिप व्यापार परामर्श कार्यक्रम "**एमएसएमई प्रेरणा**" की शुरुआत की।

'एमएसएमई प्रेरणा' इंडियन बैंक का एक अनूठा कार्यक्रम और देश में किसी बैंक द्वारा एमएसएमई के क्षेत्र में अपने प्रकार की एक अनूठी पहल है। इसका लक्ष्य एमएसएमई उद्यमियों को उनकी स्थानीय भाषाओं में कौशल विकास एवं क्षमता निर्माण प्रशिक्षण प्रदान करना, आवश्यक वित्तीय व प्रबंधकीय कौशल प्राप्त करने में उनकी सहायता करना, संकट के समय में अपने व्यवसाय का प्रबंधन, क्रेडिट रेटिंग एवं जोखिम प्रबंधन के पहलुओं को समझाते हुए सशक्त बनाना है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम मैसर्स पूर्णता एंड कंपनी, जो उद्यमिता विकास कार्यक्रम के लिए स्थानीय भाषाओं में वेब आधारित इंटरएक्टिव सत्र एवं केस स्टडीज़ को डिजाइन करती है, के सहयोग से बनाया गया है। इंडियन बैंक ने अब तक 10 राज्यों में 7 भाषाओं में इस ऑनलाइन कार्यक्रम का आयोजन किया है।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए श्रीमती उषा शर्मा, मुख्य सचिव, राजस्थान सरकार ने राज्य में एमएसएमई उद्यमियों को मदद करने वाले इंडियन बैंक के इस अग्रसक्रिय कदम की सराहना की।

इंडियन बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी महोदय, श्री शांति लाल जैन ने कहा कि एमएसएमई क्षेत्र एक बड़ा एवं संभावनाओं वाला क्षेत्र है एवं इंडियन बैंक को विश्वास है कि 'एमएसएमई प्रेरणा', उद्यमियों को बाज़ार में कुशलता से आगे बढ़ने एवं विकसित होने के लिए आवश्यक कौशल प्रदान कर राजस्थान सरकार के प्रयासों का पूरक बनेगा।

श्री महेंद्र कुमार पारख, आयुक्त (उद्यम), राजस्थान सरकार, श्री नरेंद्र कुमार शर्मा, महाप्रबंधक(एमएसएमई), इंडियन बैंक व श्री रविंदर सिंह, क्षेत्र महाप्रबंधक (दिल्ली), इंडियन बैंक एवं राजस्थान सरकार और बैंक के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण इस अवसर पर उपस्थित थे।

कॉर्पोरेट कार्यालय : 254-260, अव्वै षण्मुगम सालै, रोयपेट्टा, चेन्नै – 600 014
फोन : 044-2813 4457, ई-मेल : ccd@indianbank.co.in
हमें फॉलो करें